उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार।

पत्रांक– 1178/01/समूह–ग/सेवा–2/2012–13, दिनांक :: 01 अक्टूबर, 2012

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या– 03/डी0आर0/एस–2/2011–12, दिनांक 01 अक्टूबर, 2011 द्वारा समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञापित **अवर अभियन्ता (शहरी विकास विभाग), कर एवं राजस्व निरीक्षक (शहरी विकास विभाग), कर राजस्व अधीक्षक (शहरी विकास विभाग) तथा विद्युत अवर अभियन्ता (विद्युत सुरक्षा विभाग)** के रिक्त पदों के सापेक्ष अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने के फलस्वरूप **छँटनी हेतु स्क्रीनिंग वस्तुनिष्ठ परीक्षा** आयोजित की जानी है। उक्त स्क्रीनिंग परीक्षा का पाठ्यक्रम उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाईट **www.ukpsc.gov.in** पर उपलब्ध है। परीक्षा–तिथि एवं परीक्षा–केन्द्र के विषय में अभ्यर्थियों को सूचना यथा समय दैनिक समाचार पत्रों एवं आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

(चन्द्रशेखर भट्ट)
सचिव।

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती के अंतर्गत साक्षात्कार माध्यम से समूह 'ग' के पदों के चयन के संबंध में स्क्रीनिंग परीक्षा कराये जाने हेतु पाठयक्रम

सामान्य अध्ययन, सामान्य बुद्धि परीक्षण
एवं सामान्य हिन्दी (वस्तुनिष्ठ प्रकार)

समय : 2 घंटे प्रश्नों की संख्या : 150 पूर्णांक : 150

खण्ड–1 सामान्य अध्ययन

प्रश्नों की संख्या : 90 पूर्णांक : 90

1. सामान्य विज्ञान, 2. भारत का इतिहास, 3. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन, 4. भारतीय राज्य तंत्र, अर्थ व्यवस्था एवं संस्कृति, 5. भारतीय कृषि, वाणिज्य एवं व्यापार, 6. जनसंख्या, पर्यावरण एवं नगरीकरण (भारतीय परिप्रेक्ष्य में), 7 विश्व भूगोल तथा भारत का भूगोल और प्राकृतिक संसाधन, 8. अधुनातन राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय महत्वपूर्ण घटनाक्रम,

9. उत्तराखण्ड की शिक्षा संस्कृति, कृषि, उद्योग, व्यापार एवं रहन–सहन, भौगोलिक, राजनैतिक पृष्ठ भूमि एवं सामाजिक प्रथाओं के सम्बन्ध में विशिष्ट जानकारी,

10. उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक, आर्थिक व प्राकृतिक संसाधन तथा ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि।

खण्ड–2 सामान्य बुद्धि परीक्षण

प्रश्नों की संख्या : 30 पूर्णांक : 30

सामान्य बुद्धिमता : इसके अन्तर्गत प्रश्न सामान्य बुद्धिमता से संबंधित जैसे शाब्दिक और गैर–शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न होंगे और इसमें सादृश्यों, समानताओं तथा अंतरों, स्थानिक कल्पना, समस्या, समाधान, विश्लेषण, निर्णय लेना, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंकगणितीय तर्क, शाब्दिक एवं चित्रात्मक वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला आदि सम्मिलित होंगे। इसमें अभ्यर्थी की योग्यता का सामान्य विचार और संकेत और उनके संबंध, अंकगणितीय गणना तथा अन्य विश्लेषणात्मक कार्य आदि के प्रश्न भी शामिल होंगे।

खण्ड–3 सामान्य हिन्दी (सामान्य शब्द ज्ञान एवं व्याकरण)

प्रश्नों की संख्या : 30 पूर्णांक : 30

(i) विलोम (पाँच शब्द), (ii) वाक्य एवं वर्तनी शुद्वि (पाँच वाक्य), (iii) अनेक शब्दों के एक शब्द (पाँच शब्द), (iv) तत्सम एवं तदभव शब्द (पाँच शब्द), (v) विशेष्य एवं विशेषण (पाँच शब्द), (vi) पर्यायवाची शब्द (पाँच शब्द)